सार-समाचार

एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

छबड़ा (निसं)। सर्व हिंदू समाज द्वारा बांग्लादेष में हिंदुओं पर निरंतर हो रहे उत्पीडन के खिलाफ व चिन्मय कृशणदास की रिहाई की मांग को लेकर आक्रोष जताते हुए एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। यहां एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश प्रशासन द्वारा वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी, अल्पसंख्यक समुदाय पर विशेष रूप से हिंदू समुदाय पर अनवरत एवं अमर्यादित अत्याचार का व्यापक विरोध किया जा रहा हैं। इस्कॉन ने या अन्य हिन्दू समाज के संगठनों ने अभी तक अपने उत्पीडन के विरोध में जितनी भी कार्यवाहियां की है, समस्त लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया है। किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्होंने प्रतिहिंसा के रूप में अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है। इस प्रकार के शांतिप्रिय और लोकतांत्रिक रूप से अपनी बात रखने वाले समाज के किसी नेतृत्व को, जो एक वर्ग का भी नेतृत्व करते हैं। इस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना, उनकी आवाज को दबाने की चेष्टा करना अलोकतांत्रिक है, अमानवीय है और हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी, इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे है। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी। जैसी रोक लगानी चाहिए थी, ऐसी रोक नहीं लग पाई। ज्ञापन में केंद्र सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे उत्पीडन को रोकने, इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्णदास की रिहा की मांग की।

कानून की जानकारी दी

बून्दी (निसं)। भारत सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण व समग्र विकास की दिशा में क्रियान्वित किये जा रहे विभिन्न कानूनों व कार्यक्रमों की श्रृंखला में कार्यशालाऐं आयोजित की जा रही हैं। मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में ब्लॉक तालेडा और बून्दी की साथिनों को संबोधित करते हुए महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भैरू प्रकाश नागर ने महिलाओं/बालिकाओं से संबंधित कानूनों के बारे में बताया। डीएचईडब्ल्यु की जेण्डर स्पेशलिस्ट विनिता अग्रवाल ने बेटी बचाओं बेटी बचाओ योजना की जानकारी दी। महिला शक्ति केंद्र की केंद्र प्रबंधक पूर्णिमा गौतम ने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस दौरान सखी वन स्टॉप सेन्टर की पेरा मेडिकल स्टाफ द्वारा भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित सभी योजनाओं यथा वन स्टॉप सेन्टर व 181 महिला हेल्पलाइन योजना की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग के वरिष्ठ सहायक रविराज मिश्रण, कनिष्ट सहायक योगेश मुदंडा, परामर्शदाता सलोनी शर्मा, प्रिया मिश्रण, अक्षिता मिश्रण, नवल किशोर शर्मा रहे।

मिशन पालनहार मित्र शिविर आज

झालावाड़ (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर के निर्देशानुसार पालनहार योजनान्तर्गत शैक्षिणक सत्र 2024-25 हेतु शत-प्रतिशत पालनहारों एवं बच्चों का वार्षिक नवीनीकरण (सत्यापन) करवाया जाना अनिवार्य है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि पालनहारों एवं बच्चों के वार्षिक नवीनीकरण (सत्यापन) हेतु 4 दिसम्बर को पंचायत समिति खानपुर में प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक "मिशन पालनहार मित्र" शिविर का आयोजन किया जाएगा। बकानी में आयोजित शिविर में 167 बच्चों का सत्यापन हुआ। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि मंगलवार को पंचायत समिति बकानी में आयोजित "मिशन पालनहार मित्र" शिविर सहित अन्य स्थानों पर आयोजित शिविरों में कुल 101 पालनहारों के 167 बच्चों का वार्षिक नवीनीकरण (सत्यापन) किया गया है।

घुमंतु समुदाय के दस्तावेज तैयार करने के लिए शिविर आज

बूंदी (निसं)। घुमंतु समुदाय के आवश्यक दस्तावेज जैसे वोटर आईडी आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि बनवाने एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिले में विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु सहायता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा ने बताया कि 4 दिसम्बर को सुमेरगंजमण्डी, बलवन, सखावदा के लिए राजीव गांधी सेवा केन्द्र सुमेरगंजमण्डी, बडौदिया, ठीकरदा, तालाबगांव, मांगलीकलां के लिए राजीव गांधी सेवा केन्द्र बडौदिया में, झालीजी का बराना, बोरदा काछीयान के लिए ग्राम पंचायत बोरदा काछियान में, मरां, सादेडा, बांसी, दुगारी के लिए राजीव गांधी सेवा केन्द्र बांसी में, डोरा के लिए अटल सेवा केन्द्र, डोरा में तथा नमाना, लोईंचा, गरडदा, भैरूपुरा बरड, सीलोर, कालपुरिया के लिए ग्राम पंचायत नमाना में शिविर लगाए जाएंगे।

राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित

बून्दी (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बूंदी में आयोजित हो रही तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संयुक्त सर्वे शोध कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हुई। शोध प्रभागाध्यक्ष जे पी त्रिपाठी ने बताया कि राजस्थान में कार्य पुस्तिकाओं की उपयोगिता के एक अध्ययन शीर्षक पर पूरे राज्य में आठ जिलों में 64 विद्यालयों में शोध कराया जाएगा। इस दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बूंदी के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार शर्मा ने बाड़मेर, अलवर, चित्तौड़गढ़ तथा बूंदी के सभी शोधार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर नवाजा। बाड़मेर से जयराम, महेश मीणा, पारस सिंह, अलवर से सुनील कुमार शर्मा, सुरेश कुमार कुमावत, डॉक्टर मुकेश यादव, लक्ष्मीकांत स्वामी, चित्तौड़गढ़ से डॉक्टर गोविंद राम शर्मा, राजेंद्र कुमार सुथार, गणेश दास साधु व बूंदी से जयप्रकाश त्रिपाठी, सुमित विजयवर्गीय, महावीर प्रसाद कहार, शोधार्थियों ने भाग लिया।

संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक हुई

छबड़ा (निसं)। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम अभियंता-कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की मंगलवार को जयपुर मुख्यालय पर ऊर्जा सचिव आलोक गुप्ता और आरवीयूएनएल के सीएमडी, निगम के उच्च अधिकारियों की आयोजित बैठक में समिति ने ज्वाइंट वेंचर का विरोध करते हुए दमदारी से अपना पक्ष रखा तथा आरवीयूएनएल में जेवी बनने से कर्मचारियों, अधिकारियों की चिंता को भी निगम प्रशासन के समक्ष रखा। साथ ही, संयुक्त समिति के सदस्यों ने भारत आदिवासी पार्टी के बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल और चौरासी विधायक अनिल कटारा को भी छबड़ा थर्मल का जेवी निजीकरण को लेकर ज्ञापन दिया और डूंगरपुर-बांसवाड़ा में बिजली के विरोध में पार्टी स्तर पर धरना प्रदर्शन करने और साथ ही विधानसभा में मजबूती से बात रखने के लिए आष्वस्त किया।

ट्रैक्टर चालक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

छबड़ा (निसं)। बापचा-मदनाखेडी मार्ग पर सोमवार शाम को मदनाखेडी गांव के पास ट्रैक्टर चालक द्वारा बाइक को टक्कर मार देने से बाइक पर सवार महिला की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पाली पुलिस ने शव को छबड़ा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया तथा मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पाली थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेन्द्र गालव के अनुसार फलिया गांव निवासी विजयसिंह अपने ससुराल हरिपुरा गांव से अपनी पत्नी तुलसीबाई लोधा को लेकर बाइक पर सवार होकर अपने गांव फलिया आ रहा था कि मदनाखेडी गांव के पास ट्रैक्टर चालक द्वारा बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तुलसी बाई (40) उछल कर सड़क पर जा गिरी तथा गिरते ही ट्रेक्टर उसके उपर चढ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

'फारूख अब्दुल्ला का बयान देश विरोधी'

छबड़ा (निसं)। विधायक व पूर्व मंत्री प्रतापसिंह सिंघवी ने नेषनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला द्वारा कहे गए 'भारत में असुरक्षित महसूस कर रहे मुस्लिम' वाले बयान को देश विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया बयान बिल्कुल गलत है, उन्हें ऐसा बयान नहीं देना चाहिए। ऐसे बयान देने से देश में अराजकता का माहौल बनता है। उनके द्वारा दिया गया बयान देश विरोधी है। देश को तोडने वाला बयान है और ये बयान देश का एक और टुकड़ा बनाने की ओर इशारा करता है। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयान की सिंघवी ने कड़े शब्दों में निंदा की है।

नौ महीने में दो बार रजिस्ट्री की रेट बढ़ाए जाने पर आपत्ति जताई

कोटा, (निसं)। पूर्व यूडीएच मंत्री कोटा उत्तर से कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने भाजपा सरकार द्वारा 9 महीने में दो बार रजिस्ट्री की रेट बढ़ाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए बयान जारी कर कहा है कि जब से भाजपा सरकार का गठन हुआ है सिर्फ जनता को लूटने के अलावा किसी भी तरह की योजना जनता के हित में नहीं बनाई गई धारीवाल ने बयान जारी कर कहा है कि कांग्रेस सरकार ने आमजन को आशियाना प्रदान करने के लिए विभिन्न छूट दी थी ताकि गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के अपना घर बनाने के सपने साकार हो सके और हजारों लोगों को रियायती दरों पर भूखंड एवं विभिन्न आवासीय योजनाओं को लॉन्च कर आशियाने उपलब्ध करवाए गए थे, लेकिन भाजपा सरकार राहत प्रदान करने वाली योजनाओं के उलट जनता पर वसूली का भार डालकर उनके सपनों को चकनाचूर कर रही है। धारीवाल ने कहा है कि अभी 1 साल भी सरकार के गठन को नहीं हुआ लेकिन सरकार के जन विरोधी इरादे और मिस मैनेजमेंट ने राजस्थान के विकास को ब्रेक लगा दिए हैं यह सीधा-सीधा जनता के भरोसे के साथ कुठाराघात है।

ब्यूरोक्रेट्स चला रहे हैं सरकार:-पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार के मुखिया सहित विभिन्न विभागों के मंत्रीयों के पास राजस्थान के विकास, जनता को राहत पहुंचाने के लिए कोई विजन ही नही है सभी विभागों के अधिकारी ही सरकार के मुखिया हो रहे हैं यह सरकार पूरी तरह से ब्यूरोकैट्स और दिल्ली के आदेश पर चल रही है। जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों की ऐसी दुर्दशा राजस्थान में कभी किसी सरकार में नहीं रही जो हाल इस सरकार में हो रहा है जनता के कामों की तो बात ही मत कीजिए मंत्री और भाजपा के नेता अपने कार्यकर्ताओं के जनता से जुड़े कार्य करवाने में भी असमर्थ नजर आ रहे हैं।

विधायक धारीवाल ने भाजपा सरकार के 9 महीने के कार्यकाल पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि कांग्रेस राज में आमजन को मालिकाना हक प्रदान करने के लिए बड़े-बड़े अभियान चला कर रियारते देकर आवास और भूखंड के लाखों पट्टे प्रदान किए गए थे, जब से भाजपा सरकार बनी है आमजन अपने आवास और भूखंड का पट्टा हासिल करने से भी वंचित हो गया है वहीं सरकार सिर्फ कांग्रेस सरकार के वक्त चलाई जा रही जनहित की योजनाओं को बंद करने और जांच करने का दावा कर रही है। जनता को राहत प्रदान करने की दिशा में एक कदम भी आगे नही बड़ा रही है। जन विरोधी सरकार के खिलाफ कांग्रेस सड़क से सदन तक पुरजोर विरोध करेगी।

वार्षिक आमसभा का आयोजन

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की आठवीं वार्षिक आमसभा का आयोजन मंगलवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में किया गया। आठवीं वार्षिक आमसभा के आयोजन के अवसर पर जिला कलेक्टर ने उपस्थित दुग्ध उत्पादकों एवं सहकारी समिति के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में झालावाड़ दुग्ध संघ में कुल 212 पंजीकृत समितियां हैं जिनमें 71 क्रियाशील समितियां एवं 30 प्रस्तावित समितियों के माध्यम से लगभग 22 से 25 हजार किलोग्राम दूध प्रतिदिन संकलित किया जा रहा है जो कि गत वर्ष की तुलना में लगभग दुगुना है। उन्होंने कहा कि झालावाड़ दुग्ध संघ में दूध की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया जिसके फलस्वरूप दूध के सैम्पल की ग्रेडिंग में राज्य में झालावाड जिले ने सूची में शीर्ष पर अपना स्थान बनाया है।

झालावाड़ में महिला शिक्षण विहार में मंगलवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड के मुख्य आतिथ्य में चरण पादुका वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भूदयाल मीणा द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिला कलक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सभी बालिकाओं को चरण पादुकाएं वितरित की गई तथा उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह मीणा, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक सत्येंद्र पाल शर्मा, महिला शिक्षण विहार प्रभारी राकेश बैरवा, प्रधानाचार्य यतीन्द्र शर्मा, कृष्णा वर्मा सहित महिला शिक्षण विहार की शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक संपन्न

कोटा, (निसं)। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय कोटा के प्रबंधन मण्डल की 4-जी बैठक मंगलवार को आयोजित हुई जिसमें विश्वविद्यालय की स्थापना संचालन में योगदान देने वाले समाजबंधुओं का उत्साहवर्धन करने आदिवासी नायको के समाज में योगदान को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने पर निर्णय लिया गया है।

विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आरडी मीणा के अनुसार वि.वि. के स्थापना दिवस 12 मई के अवसर पर वि.वि.की स्थापना व संचालन में योगदान देने वाले समाजबन्धुओं के उत्साहवर्धन, प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्य योजना तैयार की गई, जिसके तहत् डायमण्ड, गोल्ड, सिल्वर व आयरन जैसे शीर्षकों युक्त प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किये जानें सबंधित प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में जय मीनेश आदिवासी वि.वि.में संचालित इतिहास व राजनीति विज्ञान आदि विषयों के पाठ्यक्रमों में आदिवासी जगत से जुड़े बिरसा मुण्डा, भैरूलाल काला बादल, कप्तान छुट्टन लाल, लक्ष्मीनारायण झारवाल व गोविन्द गुरू के महत्वपूर्ण योगदानों, शिक्षाओं आदि को सम्मिलित करनें के बारे में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वि.वि.की स्थापना से व एक वर्ष से अधिक अवधि से अपनी सेवाएं दे रहे शैक्षिक और गैर शैक्षिक कर्मियों की सेवाओं के नियमन सबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति दी गई।

विश्वविद्यालय में संचालित विषयों/ पाठ्यक्रमों-राजनीतिक विज्ञान/ इतिहास अन्तर्गत आदिवासी जगत की धरोहरों व नायकों जिनका सांस्कृतिक, सामाजिक एवं स्वतंत्रता आन्दोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, को सम्मिलित करना, विश्वविद्यालय की स्थापना व संचालन में सहयोगदाताओं/ भामाशाहों के सामाजिक सम्मान हेतु उचित व्यूह रचना तैयार करना, विश्वविद्यालय द्वारा प्रारम्भिक सत्र में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर की गई नियुक्तियों का नियमन, आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रारम्भ किए जाने वाले नवीन पाठ्यक्रमों के बारे में विमर्श करते हुए कार्य योजना बनाने जैसे विषयों पर आयोजित चतुर्थ बैठक की अध्यक्षता वि.वि.के चेयरपर्सन एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत अधिकारी आरडी॰मीणा ने की, जिसमें राजस्थान प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत अधिकारी रामजीवन मीणा, पूर्व जिला प्रमुख कमला मीणा, प्रो.गोपाल सिंह, प्रो.योगेश यादव, डॉ.जसराज मीणा, प्रेसिडेण्ट/कुलपति प्रो.डी.पी. तिवारी, कुलसचिव डॉ. एन.के. शर्मा उपस्थित रहे।

दिव्यांगता दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। एलबीएस ग्रुप के चेयरमैन कुलदीप माथुर ने बताया की विश्व दिव्यांगता दिवस पर एलबीएस महावीर नगर के प्रांगण में बड़े हर्षोल्लास से दिव्यांगता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एलबीएस निदेशक योगेन्द्र माथुर एवं शिल्पा माथुर द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में दिव्यांग विद्यार्थियों के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य कविताएँ एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत दी। तथा स्पेशल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा दिव्यांगता के सम्बंध में कृत्य और ही साथ ही भिन्न-भिन्न प्रकार के खेल भी खिलाएं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मान प्रतीक चिन्ह, स्टडी किट आदि देकर सम्मानित किया। कॉलेज के विभागाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज विद्यार्थियों को दिव्यांगता दिवस की महत्वपूर्ण जानकारी दी। और कहा सहारा नही साथ दो इस कार्यक्रम में स्पेशल विद्यालय एवं कॉलेज से विजेन्द्र सिंह, प्रियंका मीणा, स्वाति द्विवेदी, आदर्श श्रीवास्तव सहित समस्त स्टॉफगण उपिस्थत रहा।

'देरी से डिनर करके सो जाना तकलीफें बढ़ा रहा है'

कोटा, (निसं)। जीवन शैली में पांच प्रमुख बदलाव शरीर में जगह-जगह दर्द का कारण बन रहे हैं जिन्हें जीवन शैली में सुधार करके और फिजियोथेरेपी से ठीक किया जा सकता हैं। सबसे प्रमुख कारण है रात को रिलैक्स होकर अच्छा खासा डिनर खाना और फिर टीवी या मोबाइल देखते हुए सो जाना।

यह बात स्टेशन स्थित श्री झूलेलाल सिंधी पंचायत धर्मशाला में 'आह से आहा तक' (स्वस्थ जीवनशैली के सिद्धांत) विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कोटा मेडिकल कॉलेज के एमबीएस हॉस्पिटल के फिजियोथैरेपी विभाग के प्रभारी डॉक्टर हर्ष एम राजदीप ने बताई। उन्होंने कहा कि अन्य चार प्रमुख कारण हैं, देर से उठाना और टहलने के समय को टालना, दूसरा खाने के समय की अनिश्चितता, तीसरा है शुगर, बीपी और एनीमिया और चौथा प्रमुख कारण है उकड़ू बैठने की आदत का छूट जाना। संगोष्ठी के प्रारंभ में पंचायत के अध्यक्ष बजरंग सुखवानी, संरक्षक हरीश जगवानी, मीडिया सलाहकार किशन रतनानी, सचिव गोपाल मूलचंदानी व सांस्कृतिक सचिव नरेश कारा ने डॉक्टर हर्ष राजदीप का माल्यार्पण द्वारा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

मुख्य वक्ता डॉ.हर्ष एम राजदीप ने बताया कि आज की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में, प्रायः हम सभी समाजबंधुओं को अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने का समय बहुत कम मिल पाता है, साथ ही हमारे खान-पान में व दिनचर्या में बहुत सी ऐसे बातें हैं जिन्हें हम या तो नजरअंदाज करते हैं या नहीं जानते हैं। परिणामस्वरूप अधिकांश लोग घुटने कमर, कंधे आदि के दर्द व अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान रहते हैं।

डॉ.हर्ष ने कहा कि फिजियोथैरेपी को भारत सरकार भी बहुत महत्व दे रही है और लोगों का विश्वास भी बहुत बढ़ा है।

'दिसम्बर 2025 तक कोटा रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा होगा'

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य प्रगति की समीक्षा की
- बैठक में तय हुई डेडलाइन, नियमित मॉनिटरिंग होगा

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की मौजूदगी में कोटा व डकनिया रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के साथ संसदीय क्षेत्र में रेलवे से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा की।

रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक राकेश चौधरी ने स्पीकर बिरला को जानकारी दी कि कोटा स्टेशन का कार्य दिसम्बर 2025 व डकनिया स्टेशन का कार्य जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। स्पीकर बिरला ने अधिकारियों को दोनों रेलवे स्टशनों के निर्माण कार्य को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों के ठहरने के लिए स्टेशन परिक्षेत्र में ही दो मंजिला आश्रय गृह विकसित किए जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को रात्रि में कठिनाई हो।

महिलाओं और बच्चों के लिए स्टेशन पर फीडिंग सेंटर स्थापित किए जाएं। बिरला ने निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर विशेष प्रबन्ध के लिए भी निर्देश दिए। बिरला ने कहा कि रेलवे कोटा-बून्दी क्षेत्र के सभी अंडरपास का सर्वे करे और ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में दोनों स्टेशनों के निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग के उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा करने का निर्णय लिया गया।

एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं होगी विकसित:-कोटा शहर के दोनों प्रमुख स्टेशनों पर एयरपोर्ट स्तर की सुविधाएं विकसित होगी। कोटा रेलवे स्टेशन को ऐतिहासिक स्वरूप को बरकरार रखते हुए अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। स्पीकर बिरला ने एयरपोर्ट की तर्ज पर पर्याप्त रेक्लाइनर चेयर्स स्थापित करने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि 207.63 करोड़ की लागत से जारी कोटा रेलवे स्टेशन के उन्नयन का कार्य 50 फीसदी से अधिक पूर्ण हो चुका है, वहीं 111 करोड़ की लागत से जारी डकनिया स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य 66 फीसदी के अधिक पूर्ण हो चुका है। इसके तहत यहां नए प्लेटफॉर्म बनाए जा रहे हैं, भविष्य में यहां गाड़ियों का ठहराव संभव होगा, जिसका लाभ रेल यात्रियों को मिलेगा।

महाकुंभ व अयोध्या के लिए चलेगी विशेष ट्रेन:-बैठक में स्पीकर बिरला ने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान कोटा से प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेन और कोटा से अयोध्या के लिए भी ट्रेन शुरू करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोटा-दिल्ली और कोटा-मुंबई के बीच अधिक यात्री भार के चलते अतिरिक्त और दैनिक ट्रेन सेवाओं का संचालन तथा कोटा से नई मेमो ट्रेन के परिचालन सम्बनिधित कई विषयों पर भी चर्चा हुई।

दोबारा शुरू होगी सोगरिया-दिल्ली ट्रेन:-लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश के बाद सोगरिया-दिल्ली ट्रेन का परिचालन पुनः प्रारम्भ होगा। रेलवे द्वारा कोहरे के मद्देनजर सोगरिया (कोटा) से दिल्ली के बीच चलने वाली सोगरिया नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन को 1 दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 तक रद्द करने का निर्णय लिया था। स्पीकर बिरला के निर्देश के बाद रेलवे ने ट्रेन के परिचालन को लेकर नए आदेश जारी कर दिए हैं, जल्द ही दोबारा ट्रेन का परिचालन होगा।

ये रहे मौजूद:-बैठक में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, स्पीकर बिरला के ओएसडी, लोक सभा के संयुक्त सचिव गौरव गोयल, रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक राकेश चौधरी, संजीव कुमार गर्ग, डायरेक्टर घनश्याम, पश्चिम-मध्य रेलवे ज़ोन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, डीआरएम कोटा, चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर, डिवीजनल इंजीनियर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

एस.डी.पी. उपलब्ध कराई

कोटा, (निसं)। टीम जीवन दाता द्वारा सर्दी के दौरान भी अल-सुबह लोगों को एसडीपी उपलब्ध कराई जा रही है। दिन व रात की परवाह किए बिना टीम के झुझारू व समर्पित रक्तवीर अनजान का जीवन बचाने की मुहिम में जुटे हुए हैं। इसकी एक बानगी मंगलवार को देखने को मिली जब 5 दिन के मासूम बच्चे को एसडीपी उपलब्ध कराई गई। नन्हे को एबी पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता हुई पिता विशाल कुमार व वीरेंद्र कुमार रातभर से भटक रहे थे। छोटा बच्चा गंभीर अवस्था में था, ऐसे में देर रात को ही लोगों को गुप्ता ने मैसेज किए गए, कॉल किए गए। सेवा की प्रतिपूर्ति के रूप में तैयार रहने वाले लायंस क्लब कोटा टेक्नो के अंकुर गुप्ता को कॉल किया तो वह रात को किसी कार्यक्रम से घर पहुंचे थे और सोए ही थे। जैसे ही कॉल देखा तो इमरजेंसी का आभास हो गया और उन्होंने पूछा कि 'कहां आना है।' टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती 5 दिन का मेल बेबी ऑफ नेहा को एबी पॉजिटिव चढ़ाया जाना था ऐसे में रात करीब 3.00 बजे अंकुर गुप्ता अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 15वीं बार एबी पॉजिटिव एसडीपी डोनेट की है। इससे पूर्व वह 40 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। अंकुर गुप्ता मरीज की गंभीरता को समझते हैं और दिन-रात कभी भी उन्हें याद किया जाए वह सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उन्हें भी हाल ही में पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है, जिसने ब्लड की आवश्यकता थी। वो संघर्ष व रक्त का महत्व भली भाँति समझते है। इस दौरान लायंस क्लब कोटा टेक्नो के कोषाध्यक्ष भी अंकुर का उत्साहवर्धन करने पहुँचे।

चाईनीज मांझे एवं धातु मिश्रित मांझे का विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध

बून्दी, (निसं)। अवैध चाईनीज मांझे एवं धातु मिश्रित मांझे के प्रयोग से आमजन एवं पक्षियों को होने वाली गंभीर क्षित के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलक्टर ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानों एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में चाईनीज मांझे एवं धातु मिश्रित मांझे के विक्रय एवं उपयोग को निषेधाज्ञा जारी कर प्रतिबंधित किया हुआ है। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा निर्देशानुसार निषेधाज्ञा आदेश 31 जनवरी तक प्रभावी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि चाईनीज मांझे एवं धातु मिश्रित मांझे का विक्रय एवं उपयोग के प्रतिबंधों की अवहेलना करने पर कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रतिबंधात्मकों आदेशों की कडाई से पालना सुनिश्चित कराई जावे। निषेधाज्ञा के दौरान सुबह 6 बजे से 8 बजे तक एवं सांय 5 बजे से 7 बजे तक की अवधि के मध्य पतंग उडाया जाना प्रतिबन्धित होगा। निषेधाज्ञा के दौरान कोई भी व्यक्ति प्लास्टिक अथवा अन्य सिंथेटिक धागे से बने मांझे,चाईनीज मांझे, हानिकारक जहरीले पदार्थों जैसे लोहा पाउडर, ग्लास पाउडर आदि से बने मांझे का निर्माण, भंडारण, परिवहन, विक्रय एवं उपयोग नहीं किया जा सकेगा। आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

बूंदी (निसं)। राजस्थान पुलिस सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण संस्थान के जिलाध्यक्ष दयाल सिंह हाडा के नेतृत्व में सेवानिवृत पुलिसकर्मियों ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर एक पत्रकार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। संस्थान के प्रचार मंत्री प्रेमचंद गुर्जर ने बताया कि देश जे एक प्रतिष्ठित न्यूज़ चैनल के पत्रकार द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल की, जिसमें कहा कि लिखा कि हाईवे के थानों में पोस्टिंग की जुगत में जुटे पुलिस कर्मी, जिले के सदर, तालेड़ा, हिंडोली, केशोराय पाटन और डाबी मलाईदार थानो में पोस्टिंग को लेकर हुए एक्टिव पुलिस कर्मी, लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। इसतरह बिना प्रमाण के पोस्ट डालने पर कार्यवाही की मांग कते हुए कहा कि उक्त पत्रकार पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध कुछ भी लिखकर सोशल मीडिया पर डालता रहता है, जिससे पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल टूटता है और पुलिस की छवि धूमिल होती है। सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने पर राजस्थान पुलिस सेवा निवृत्ति कर्मचारी संगठन ने निंदा करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

विद्या मित्रम योजना शुरू

बून्दी (निसं)। डिजिटल सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए भारत संचार निगम लिमिटेड ने विद्या मित्रम योजना शुरू की है। इस योजना में दानदाता जरूरतमंद और प्रतिभाशाली छात्रों को फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) कनेक्शन प्रायोजित कर सकते हैं। योजना में तीन स्पॉन्सर स्कीम है, जिनमें 3 छात्रों को स्पॉन्सर करने के लिए 11 हजार वार्षिक शुल्क, 6 छात्रों को स्पॉन्सर करने के लिए 21 हजार रुपए वार्षिक शुल्क और 10 छात्रों को स्पॉन्सर करने के लिए 35 हजार वार्षिक शुल्क निर्धारित किया है। बीएसएनएल के उप महा प्रबन्धक जे.पी.मीणा ने बताया कि दानदाता व्यक्ति और समूह इन योजनाओं के माध्यम से छात्रों को स्पॉन्सर कर सकते हैं। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को डिजिटल शिक्षा के अवसर प्रदान किया जा रहा है। इससे डिजिटल विभाजन को कम किया जाएगा और विद्यार्थियों की ऑनलाइन संसाध